Prepp
Your Personal Exams Guide

सत्यमेव जयते

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** किस धातु को, अभिक्रियाशीलता श्रेणी में कॉपर के ठीक ऊपर रखा गया है?

**Ans**
✗ A. ऐलुमिनियम
✓ B. लेड
✗ C. जिंक
✗ D. आयरन

**Q.2** $HNO_3$ का आणविक द्रव्यमान 63, परमाणु द्रव्यमान इकाई (u) है। ऑक्सीजन (O) का परमाणु द्रव्यमान क्या है?

**Ans**
✗ A. 32u
✗ B. 8u
✓ C. 16u
✗ D. 48u

**Q.3** $10.0\ \text{kg}$ द्रव्यमान वाली एक वस्तु प्रारंभ में $3.0\ \text{m}/\text{s}$ के वेग से गतिमान है। $5.0\ \text{s}$ के लिए इसकी गति की विपरीत दिशा में $30.0\ \text{N}$ का एक नियत बल अनुप्रयुक्त किया जाता है। वस्तु का अंतिम वेग कितना है?

**Ans**
✗ A. $0\ \text{m}/\text{s}$
✓ B. $-12.0\ \text{m}/\text{s}$
✗ C. $+12.0\ \text{m}/\text{s}$
✗ D. $+18.0\ \text{m}/\text{s}$

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ बिना ज्वाला के जलता है?

**Ans**
✗ A. पेट्रोल (Petrol)
✗ B. मोम (Wax)
✗ C. LPG
✓ D. चारकोल (Charcoal)

**Q.5** जब प्रकाश की किरण, विरल माध्यम से सघन माध्यम में जाती है, तो यह ________।

**Ans**
✗ A. बिल्कुल भी नहीं मुड़ती है
✓ B. अभिलंब की ओर मुड़ती है
✗ C. अभिलंब से दूर मुड़ती है
✗ D. 90° के कोण पर मुड़ती है

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.6** जब कोई वस्तु भूमि के निकट स्वतंत्र रूप से गिरती है, तो उसकी गति की दिशा__________।

**Ans**

✔ A. समान रहती है

✘ B. गुरुत्वाकर्षण के विपरीत हो जाती है

✘ C. क्षैतिज हो जाती है

✘ D. लगातार परिवर्तित होती रहती है

**Q.7** मिमोसा पुडिका (Mimosa pudica) की पत्तियों को छूने पर वे किस क्रियाविधि के कारण मुड़ जाती हैं?

**Ans**

✘ A. पत्तियों के तापमान में परिवर्तन

✔ B. पत्ती कोशिकाओं के जलांश में परिवर्तन

✘ C. पत्ती के पृष्ठ पर प्रकाश की तीव्रता में परिवर्तन

✘ D. पत्ती कोशिकाओं के pH में परिवर्तन

**Q.8** किसी तत्व की परमाणु संख्या क्या दर्शाती है?

**Ans**

✘ A. परमाणु की द्रव्यमान संख्या

✘ B. परमाणु में न्यूरॉन्स की संख्या

✘ C. इलेक्ट्रॉनों और प्रोटॉनों की कुल संख्या

✔ D. परमाणु में प्रोटॉन की संख्या

**Q.9** एक कण विरामावस्था से गति करना शुरू करता है और एकसमान त्वरण से गति करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, कण के लिए सही वेग-समय ग्राफ दर्शाता है?

**Ans**

✘ A. ऋणात्मक ढलान के साथ मूल बिंदु से होकर गुजरने वाली एक सरल रेखा

✘ B. एक क्षैतिज रेखा

✘ C. एक परवलय

✔ D. धनात्मक ढलान के साथ मूल बिंदु से होकर गुजरने वाली एक सरल रेखा

**Q.10** सभी द्विविस्थापन अभिक्रियाओं में एक उभयनिष्ठ विशेषता यह है कि ......................।

**Ans**

✘ A. अभिक्रिया आरंभ करने के लिए ऊष्मा की आवश्यकता होती है

✔ B. दो धातु लवणों के बीच धातु आयनों का आदान-प्रदान होता है

✘ C. अभिक्रिया मिश्रण हमेशा रंगहीन होता है

✘ D. केवल एक उत्पाद बनता है

**Q.11** जब दो भिन्न प्रकार के पदार्थों के कण, कणों की अंतर्निहित यादृच्छिक गति के कारण यादृच्छिक रूप से मिश्रित होते हैं, तो इस प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

**Ans**

✔ A. विसरण (diffusion)

✘ B. निस्सरण (effusion)

✘ C. अंतर्मिश्रण (intermixing)

✘ D. समांगीकरण (homogenisation)

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हाइड्रा जैसे जीवों में मुकुलन की प्रक्रिया का सही वर्णन करता है?

**Ans**

✔ A. एक मुकुल नियमित कोशिका विभाजन के कारण एक उभार के रूप में बनता है और परिपक्व होने पर अलग हो जाता है।

✘ B. एक मुकुल केवल लैंगिक प्रजनन के दौरान बनता है और जनक जीव के साथ जुड़ जाता है।

✘ C. शरीर के किसी टूटे हुए भाग से एक मुकुल बनता है और एक नए जीव के रूप में विकसित होता है।

✘ D. जीव के भीतर विशिष्ट कोशिकाओं से एक मुकुल बनता है और जीवन भर जुड़ा रहता है।

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकांग कोशिकीय प्रजनन में मदद करता है?

**Ans**

✘ A. प्लास्टिड्स (Plastids)

✘ B. एंडोप्लाज्मिक रेटिकुलम (Endoplasmic Reticulum)

✘ C. लाइसोसोम (Lysosomes)

✔ D. नाभिक (Nucleus)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.14 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

कथन 1: एक फ्यूज विद्युत परिपथ में श्रेणीक्रम में जुड़ा होता है।
कथन 2: जब विद्युत धारा सुरक्षित सीमा से अधिक हो जाती है तो फ्यूज तार पिघल जाता है।

Ans
✗ A. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
✗ B. केवल कथन 2 सही है।
✓ C. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
✗ D. केवल कथन 1 सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.15 न्यूरॉन अर्थात तंत्रिका ऊतक में कौन-सा भाग प्रोटीन संश्लेषण के लिए जिम्मेदार है?

Ans
✗ A. सिनैप्टिक बल्ब
✗ B. डेन्ड्राइट
✗ C. एक्सोन
✓ D. निस्सल कणिकाएँ

Q.16 जब किसी वस्तु की ऊंचाई दोगुनी कर दी जाती है, तो उसकी स्थितिज ऊर्जा _______ हो जाती है।

Ans
✗ A. शून्य
✗ B. तीन गुनी
✓ C. दोगुनी
✗ D. आधी

Q.17 कोशिका विभाजन की वह विधि जिसके द्वारा जनन कोशिकाओं को गैर-प्रजनन कोशिकाओं की तुलना में DNA की आधी मात्रा प्राप्त होती है, ______ कहलाती है।

Ans
✓ A. अर्धसूत्रीविभाजन (Meiosis)
✗ B. असूत्रीविभाजन (Amitosis)
✗ C. मुकुलन (Budding)
✗ D. सूत्रीविभाजन (Mitosis)

Q.18 कार्बन, आयनिक आबंधों के स्थान पर सहसंयोजक आबंध क्यों बनाता है?

Ans
✗ A. कार्बन आसानी से 4 इलेक्ट्रॉन ग्रहण या त्याग सकता है।
✗ B. कार्बन में 8 संयोजकता इलेक्ट्रॉन होते हैं।
✓ C. यह 4 इलेक्ट्रॉनों का त्याग करने या ग्रहण करने के लिए ऊर्जावान रूप से प्रतिकूल होता है।
✗ D. इसकी परमाणु त्रिज्या बहुत बड़ी होती है।

Q.19 जब कैल्शियम ऑक्साइड जल के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सा उत्पाद निर्मित होता है?

Ans
✓ A. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
✗ B. कैल्शियम क्लोराइड
✗ C. कैल्शियम कार्बोनेट
✗ D. कैल्शियम सल्फेट

Q.20 पिछले 10 वर्षों में, शहर में प्लास्टिक कचरे में बहुत ज़्यादा वृद्धि हुई है। लोगों की कौन-सी आदत इसका सबसे बड़ा कारण है?

Ans
✗ A. लोग पुनः उपयोग योग्य चीजें चुन रहे हैं।
✗ B. प्लास्टिक बैग पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।
✓ C. लोग लंबे समय तक चलने वाली वस्तुओं के स्थान पर डिस्पोजेबल वस्तुओं का अधिक उपयोग कर रहे हैं।
✗ D. अधिक लोग बसों और रेलगाड़ियों का उपयोग कर रहे हैं।

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प अमीबा में पोषण प्रक्रिया का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. अवशोषण → अंतर्ग्रहण → पाचन → बहि:क्षेपण
- ✓ B. अंतर्ग्रहण → पाचन → अवशोषण → बहि:क्षेपण
- ✗ C. अंतर्ग्रहण → बहि:क्षेपण→ अवशोषण → पाचन
- ✗ D. विसरण → अंतर्ग्रहण → पाचन → अवशोषण

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.22 मेंडल ने किस पौधे पर अपने प्रयोग किए?

Ans
- ✗ A. सूर्यमुखी
- ✗ B. टमाटर
- ✓ C. मटर का पौधा
- ✗ D. सेम का पौधा

Q.23 ध्वनि तरंगों के संचरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आवश्यक है?

Ans
- ✗ A. प्रकाश स्रोत
- ✓ B. माध्यम
- ✗ C. निर्वात
- ✗ D. चुंबक

Q.24 जब वस्तु को अनंत पर रखा जाता है, तो अवतल दर्पण द्वारा किस प्रकार का प्रतिबिंब बनता है?

Ans
- ✗ A. वस्तु के समान आकार और वास्तविक
- ✗ B. अत्यधिक आवर्धित और आभासी
- ✓ C. अत्यधिक छोटा, वास्तविक और उल्टा
- ✗ D. आवर्धित, आभासी और सीधा

Q.25 एक विशिद्ध रूप से प्रतिरोधक परिपथ में, बैटरी द्वारा प्रदाय की गई विद्युत ऊर्जा _______ हो जाती है।

Ans
- ✗ A. चुंबकीय ऊर्जा के रूप में संग्रहीत
- ✗ B. स्थितिज ऊर्जा के रूप में संग्रहीत
- ✗ C. केवल प्रकाश में परिवर्तित
- ✓ D. ऊष्मा के रूप में पूर्णतः क्षयित

Prepp Your Personal Exam Guide

Section : **Mathematics**

Q.26 tan30° x cos30° का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $1$
- ✗ B. $\frac{\sqrt{3}}{2}$
- ✓ C. $\frac{1}{2}$
- ✗ D. $\frac{1}{\sqrt{2}}$

Q.27 DMART किराने की वस्तुओं पर 2 खरीदें, 29 मुफ़्त पाएँ का ऑफर दे रहा है। DMART द्वारा दिया जा रहा शुद्ध छूट प्रतिशत कितना है? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 95.63%
- ✗ B. 92.67%
- ✗ C. 97.4%
- ✓ D. 93.55%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.28 एक समलम्ब का क्षेत्रफल 54 वर्ग इकाई है। इसकी समांतर भुजाएँ क्रमशः 3x + 1 इकाई और 2x + 2 इकाई हैं। समांतर भुजाओं के बीच की दूरी 3y इकाई और x − y = 1 है। समांतर भुजाओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 18 इकाई
- ✘ B. 16 इकाई
- ✘ C. 12 इकाई
- ✘ D. 22 इकाई

Q.29 यदि x के 16% के 13% का मान 59.28 है, तो x का मान क्या है?

Ans
- ✘ A. 2580
- ✔ B. 2850
- ✘ C. 2760
- ✘ D. 2690

Q.30 एक दुकानदार अपने माल पर क्रय मूल्य से X% अधिक मूल्य अंकित करता है और उसे 40% की छूट पर बेचता है। यदि उसे 62% का लाभ होता है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 169
- ✘ B. 168
- ✔ C. 170
- ✘ D. 171

Q.31 यदि $x + \frac{1}{x} = 13$ है, तो $(x^2 + \frac{1}{x^2})$ का मान कितना है?

Ans
- ✘ A. 171
- ✘ B. 169
- ✔ C. 167
- ✘ D. 163

Q.32 आँकड़ों 20, 21, 15, 16, 20, 17, 18, 16, 15, 14, 19, 20, 18, 14, और 20 का बहुलक कितना है?

Ans
- ✘ A. 18
- ✔ B. 20
- ✘ C. 21
- ✘ D. 19

Q.33 एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 57% बढ़ जाती है और TV की कीमत 74% कम हो जाती है, तो 6 वॉशिंग मशीनों और 2 TV की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✘ A. 5.2% की वृद्धि
- ✘ B. 5% की कमी
- ✔ C. 4.6% की वृद्धि
- ✘ D. 1% की कमी

Q.34 दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक की दर से ऋण देते हैं। विजय ने प्रत्येक बैंक से ₹4,80,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद विजय द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 49,900
- ✔ B. 50,400
- ✘ C. 51,400
- ✘ D. 51,900

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.35** यदि दिए गए आंकड़ों का बहुलक $133\frac{2}{11}$ cm है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| लंबाई (cm में) | 125 - 130 | 130 - 135 | 135 - 140 | 140 - |
|---|---|---|---|---|
| लड़कियों की संख्या | 7 | 14 | X | 1( |

**Ans**
- ✗ A. 11
- ✓ B. 10
- ✗ C. 15
- ✗ D. 12

**Q.36** किसी संख्या को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया गया है कि संख्या का एक भाग दूसरे से 10 अधिक है। यदि दोनों भागों का अनुपात 5 : 3 है, तो संख्या के दोनों भाग ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 25 और 15
- ✗ B. 26 और 16
- ✗ C. 27 और 17
- ✗ D. 24 और 14

**Q.37** पाइप A और B एक टंकी का 50% क्रमशः 15 और 10 मिनट में भर सकते हैं। टंकी से एक खाली करने वाला पाइप C भी जुड़ा हुआ है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी 15 मिनट में भर जाती है। यदि टंकी दो-तिहाई भरी है, तो C अकेले टंकी को पूरी तरह से खाली करने में कितना समय (मिनट में) लेगा?

**Ans**
- ✗ A. 20
- ✗ B. 60
- ✓ C. 40
- ✗ D. 30

**Q.38** A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 2, 6 और 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का तीन गुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✓ B. 4
- ✗ C. 12
- ✗ D. 5

**Q.39** वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 555, 703, 999 और 1147 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त हो।

**Ans**
- ✗ A. 74
- ✗ B. 137
- ✗ C. 89
- ✓ D. 148

**Q.40** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\frac{8^{21} \div 4^{28} \times 2^{5}}{(4^{14})^{\frac{1}{7}} \times 8^{2}}$$

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 16
- ✓ C. 4
- ✗ D. 8

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.41 प्रथम 12 अभाज्य संख्याओं का योग कितना है?

Ans
- ✗ A. 201
- ✗ B. 202
- ✗ C. 199
- ✓ D. 197

Q.42 275 मीटर लंबी एक रेलगाड़ी अपनी लंबाई से तीन गुना बड़े प्लेटफार्म को 44 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल km/hr में कितनी है?

Ans
- ✓ A. 90
- ✗ B. 81
- ✗ C. 98
- ✗ D. 85

Q.43 एक व्यापारी ने 15 नोटबुक का एक बंडल ₹1,200 में खरीदा और संपूर्ण बंडल को ₹1,040 में बेच दिया। उसे हुई हानि कितने नोटबुक के क्रय मूल्य के बराबर है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✓ D. 2

Q.44 16 और B का तृतीयानुपाती C है। यदि B प्रथम तीन सम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो C का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7.55
- ✗ B. 8.49
- ✗ C. 11.74
- ✓ D. 9.0

Q.45 एक कॉलेज चुनाव में, उम्मीदवार X और Y के वैध मतों का अनुपात 7 : 2 था। कॉलेज में 1800 पंजीकृत मतदाता थे, जिनमें से 20% ने वोट नहीं डाला और डाले गए मतों में सें 20% मत अवैध घोषित कर दिए गए। उम्मीदवार X और Y द्वारा प्राप्त मतों की संख्या में कितना अंतर है?

Ans
- ✗ A. 459
- ✗ B. 896
- ✗ C. 256
- ✓ D. 640

Q.46 यदि A : B = 4 : 6 और B : C = 7 : 10 है, तो A : B : C कितना है?

Ans
- ✓ A. 14 : 21 : 30
- ✗ B. 14 : 12 : 30
- ✗ C. 14 : 31 : 21
- ✗ D. 14 : 23 : 40

Q.47 दो रेलगाड़ियां क्रमशः 130 km/hr और 60 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक रेलगाड़ी की लंबाई 360 m है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में 12 सेकंड का समय लगता है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई (m में) दशमलव के बाद 2 स्थान तक पूर्णांकित ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 282.54
- ✗ B. 269.96
- ✗ C. 277.92
- ✓ D. 273.33

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.48 चतुर्भुज ABCD की भुजाएँ AB = 9 m, BC = 12 m, CD = 14 m और DA = 13 m हैं, जिन्हें क्रम से लिया गया है। यदि ∠ABC = 90° है, तो चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 148
- ✓ B. 138
- ✗ C. 128
- ✗ D. 135

Q.49 18 cm भुजा वाले एक समबाहु त्रिभुज ABC में, त्रिभुज की भुजाओं से केन्द्रक G की लंबवत दूरियों का योग (cm में) कितना है?

Ans
- ✗ A. $3\sqrt{3}$
- ✓ B. $9\sqrt{3}$
- ✗ C. $12\sqrt{3}$
- ✗ D. $6\sqrt{3}$

Q.50 एक पिता अपने पुत्र से 30 वर्ष बड़ा है। 5 वर्ष बाद, पिता की आयु उसके पुत्र से दोगुनी हो जाएगी। पुत्र की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 22 वर्ष
- ✓ B. 25 वर्ष
- ✗ C. 20 वर्ष
- ✗ D. 27 वर्ष

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, YPMG का संबंध VKJB से है। उसी तरीके से, MVAM का संबंध JQXH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DGRX का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. APLO
- ✗ B. ABOI
- ✓ C. ABOS
- ✗ D. ABPO

Q.52 सात डिब्बे, A, B, C, D, I, J और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।
केवल A को I के ऊपर रखा गया है। I और C के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। केवल K को J के नीचे रखा गया है। D को C के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
B और K के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

73 63 53 43 33 ?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 24
- ✗ C. 22
- ✓ D. 23

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएं) 7 3 6 1 9 8 4 4 8 6 1 9 1 6 5 5 5 5 1 4 1 8 4 4 3 3 7 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? | |
| Ans | A. 4 | ✗ |
| | B. 3 | ✓ |
| | C. 5 | ✗ |
| | D. 2 | ✗ |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>20 25 15 20 10 ? | |
| Ans | A. 25 | ✗ |
| | B. 20 | ✗ |
| | C. 5 | ✗ |
| | D. 15 | ✓ |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 7 8 7 4 1 3 5 2 3 2 6 9 3 6 1 7 1 1 8 8 6 2 6 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है? | |
| Ans | A. तीन | ✓ |
| | B. चार | ✗ |
| | C. एक | ✗ |
| | D. दो | ✗ |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | A, B, C, E, F, P और Q एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बायीं ओर चौथे स्थान A पर बैठा है। B के दाईं ओर चौथे स्थान पर P बैठा है। C के बाएँ से गिनने पर C और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P या B का निकटतम पड़ोसी E नहीं है। P का निकटतम पड़ोसी F नहीं है। Q के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | A. P | ✗ |
| | B. B | ✗ |
| | C. C | ✗ |
| | D. F | ✓ |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>**कथन:**<br>कुछ आम, केले हैं।<br>कोई केला, कीवी नहीं है.<br><br>**निष्कर्ष:**<br>(I): सभी केले, आम हैं।<br>(II): कोई आम, कीवी नहीं है। | |
| Ans | A. दोनों अनुसरण करते हैं | ✗ |
| | B. कोई भी अनुसरण नहीं करता | ✓ |
| | C. केवल II अनुसरण करता है | ✗ |
| | D. केवल I अनुसरण करता है | ✗ |

Q.59 एक व्यक्ति बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 15 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 18 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
✗ A. 6 km दक्षिण में
✗ B. 7 km पश्चिम में
✗ C. 5 km उत्तर में
✓ D. 8 km पूर्व में

Q.60 दी गई शृंखला को पूरा करने के लिए, कौन-सा अक्षर समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

IDR GEO EFL CGI ?

Ans
✗ A. BHE
✗ B. BGF
✓ C. AHF
✗ D. AHE

Q.61 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 7 1 8 3 3 1 5 4 8 5 1 4 4 9 5 9 6 8 7 3 5 3 6 6 9 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद में भी एक पूर्ण वर्ग है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
✗ A. तीन
✗ B. एक
✓ C. चार
✗ D. पाँच

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. MP-TN
✓ B. PS-WR
✗ C. JM-QK
✗ D. SV-ZT

Q.63 यदि संख्या 51784563 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✓ A. तीन
✗ B. दो
✗ C. एक भी नहीं
✗ D. एक

Q.64 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + F – G ÷ H x J' है, तो D का J से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. पत्नी के पिता के भाई की पत्नी
✗ B. पत्नी की माता के भाई की पत्नी
✗ C. पत्नी की माता के भाई की पुत्री
✓ D. पत्नी के पिता के भाई की पुत्री

Q.65 नीचे दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 8 3 5 8 4 7 3 3 4 9 9 1 8 5 4 9 2 6 4 7 2 5 1 2 1 4 6 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 3
- ✓ C. 2
- ✗ D. 4

Q.66 संख्या 3728645 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे और दाएँ से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 9
- ✗ C. 11
- ✗ D. 7

Q.67 A, B, C, D, W, X और Y एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के बाईं ओर तीसरे स्थान पर A बैठा है। C के बाईं ओर से गिनने पर X और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W के दाईं ओर से गिनने पर B और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B का निकटतम पड़ोसी D है। Y के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. A
- ✗ B. C
- ✗ C. D
- ✗ D. W

Q.68 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 22, 26)
(11, 40, 44)

Ans
- ✓ A. (16, 55, 59)
- ✗ B. (13, 32, 36)
- ✗ C. (17, 58, 54)
- ✗ D. (16, 66, 70)

Q.69 सात डिब्बे, A, B, C, D, I, J और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।
A और C के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। K के ऊपर केवल B रखा गया है। C के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। J को D के नीचे किसी स्थान पर लेकिन I के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा डिब्बा I के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✗ A. C
- ✓ B. D
- ✗ C. A
- ✗ D. K

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
❌ A. HE-JF
❌ B. KH-MI
❌ C. NK-PL
✔ D. FC-HE

Q.71 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QUT–XBA
YCB–FJI

Ans
❌ A. ILJ–PTS
✔ B. IML–PTS
❌ C. ILJ–OSR
❌ D. IML–OTR

Q.72 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ज़ुकीनी, लीक हैं।
सभी लीक, मूली हैं।
कुछ मूली, अजवाइन हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी लीक, अजवाइन हैं।
(II) कुछ मूली, ज़ुकीनी हैं।

Ans
❌ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
❌ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
❌ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✔ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.73 P, Q, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के ठीक बाईं ओर पड़ोस में R बैठा है। T के दाईं ओर दूसरे स्थान पर S बैठा है। R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर P बैठा है। R के दाईं ओर से गिनने पर R और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
❌ A. एक भी नहीं
❌ B. 2
❌ C. 3
✔ D. 1

Q.74 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

223 ÷ 4 + 164 × 2 − 37 = ?

Ans
❌ A. 811
❌ B. 837
❌ C. 826
✔ D. 847

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'iron hip cheek' को 'nn nu qw' और 'mud iron globe' को 'nu yx mt' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'iron' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. yx
- ✓ B. nu
- ✗ C. nn
- ✗ D. qw

Q.76 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

10 20 31 43 56 ?

Ans
- ✓ A. 70
- ✗ B. 63
- ✗ C. 62
- ✗ D. 66

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, SGHE का संबंध एक निश्चित तरीके से XCMA से है। उसी प्रकार, CYRW का संबंध HUWS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MQBO का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. QLFJ
- ✗ B. SLGM
- ✓ C. RMGK
- ✗ D. SNHL

Q.78 निम्नलिखित शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

MP33 KN41 IL49 GJ57 ?

Ans
- ✗ A. EG65
- ✗ B. EG66
- ✓ C. EH65
- ✗ D. EH66

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में, 'OVAL' को '9573' और 'LAVS' को '3657' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 5
- ✗ C. 7
- ✓ D. 6

Q.80 अमन बिंदु M से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 10 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु M के सापेक्ष बिंदु P कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में है? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 9 km, दक्षिण की ओर
- ✗ B. 6 km, दक्षिण की ओर
- ✓ C. 11 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 3 km, उत्तर की ओर

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI), 2024 में भारत की रैंक कितनी थी?

Ans
- ✗ A. 101वीं
- ✗ B. 85वीं
- ✗ C. 93वीं
- ✓ D. 96वीं

Q.82 मार्च 2025 में जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2024 में किस भारतीय शहर को विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित माना गया?

Ans
- ✗ A. गुरुग्राम
- ✗ B. मुंबई
- ✗ C. दिल्ली
- ✓ D. बर्नीहाट

Q.83 अप्रैल 2025 में RBI के डिप्टी गवर्नर के रूप में किसे नियुक्त किया गया, जो भारत की वित्तीय और मौद्रिक नीति को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक बन गए?

Ans
- ✗ A. अरुंधति भट्टाचार्य
- ✗ B. शक्तिकांत दास
- ✗ C. निर्मला सीतारमण
- ✓ D. पूनम गुप्ता

Q.84 2025 में जारी किए गए 'कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए आदर्श नियम' का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. केवल शहरी कृषि को बढ़ावा देना
- ✗ B. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि वानिकी पर प्रतिबंध लगाना
- ✗ C. कृषि उपज पर कर बढ़ाना
- ✓ D. नियमों को सरल बनाकर कृषि वानिकी में व्यवसाय को आसान बनाना

Q.85 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2025 में अंतिम पंघाल ने किस देश की पहलवान को हराकर कांस्य पदक जीता?

Ans
- ✗ A. जापान
- ✓ B. चीनी ताइपे
- ✗ C. चीन
- ✗ D. कज़ाकिस्तान

Q.86 जून 2025 में प्रकाशित पुस्तक 'इंडिया: 5,000 इयर्स ऑफ हिस्ट्री ऑन द सबकॉन्टिनेंट' किसने लिखी?

Ans
- ✗ A. विलियम डेलरिम्पल (William Dalrymple)
- ✗ B. जॉन ज़ुब्रज़ीकी (John Zubrzycki)
- ✗ C. पैट्रिक फ्रेंच (Patrick French)
- ✓ D. ऑड्रे ट्रुश्के (Audrey Truschke)

Q.87 जून 2025 में, पश्चिम बंगाल ने राज्य में प्रवेश करने वाले प्रदूषकों को रोकने के लिए किस राज्य के साथ 800 km की हरित दीवार बनाने की योजना बनाई है?

Ans
- ✓ A. झारखंड
- ✗ B. मिजोरम
- ✗ C. छत्तीसगढ
- ✗ D. असम

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.88 अगस्त 2025 में, NITI आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी उद्देश्यों की दिशा में प्रगति का मूल्यांकन और तुलना करने के लिए ________ नामक एक नवाचार ढांचे का अनावरण किया।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans

❌ A. नेशनल ई-मोबिलिटी मिशन प्लान इंडेक्स (National E-Mobility Mission Plan Index)

❌ B. इलेक्ट्रिक व्हीकल एडवांसमेंट इंडेक्स (Electric Vehicle Advancement Index)

❌ C. सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट इंडेक्स (Sustainable Transport Index)

✔ D. इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स (India Electric Mobility Index)

Q.89 जून 2025 में, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत की अनुमानित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) मुद्रास्फीति दर कितनी थी?

Ans

❌ A. 4.7%

❌ B. 5.7%

❌ C. 6.7%

✔ D. 3.7%

Q.90 मध्य प्रदेश के किस शहर में भारत के पहले PM MITRA पार्क का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया?

Ans

❌ A. भोपाल

❌ B. इंदौर

✔ C. धार

❌ D. ग्वालियर

Q.91 भारत के निम्नलिखित में से किस बैंक ने 1 जुलाई 2025 से कॉल मनी मार्केट के परिचालन समय को बढ़ाकर 7 PM तक कर दिया?

Ans

✔ A. भारतीय रिजर्व बैंक

❌ B. भारतीय स्टेट बैंक

❌ C. बैंक ऑफ बड़ौदा

❌ D. बंधन बैंक

Q.92 जून 2025 में, किन दो देशों ने द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम अभ्यास SHAKTI में भाग लिया?

Ans

❌ A. अफगानिस्तान और चीन

✔ B. भारत और फ्रांस

❌ C. श्रीलंका और मालदीव

❌ D. नेपाल और भूटान

Q.93 2025 में एथलेटिक्स के लिए, SAI चेन्नई में लड़कों और लड़कियों के सलेक्शन ट्रायल के लिए आयु पात्रता सीमा कितनी है?

Ans

❌ A. 10 से 16 वर्ष

✔ B. 12 से 18 वर्ष

❌ C. 11 से 19 वर्ष

❌ D. 14 से 20 वर्ष

Q.94 2025 में प्रकाशित, 'केयरलेस पीपल: ए कॉशनरी टेल ऑफ पावर, ग्रीड, एंड लॉस्ट आइडियलिज्म (Careless People: A Cautionary Tale of Power, Greed, and Lost Idealism)' किसने लिखी?

Ans

❌ A. सामंथा विने-विलियमसन (Samantha Wynne-Williamson)

❌ B. सुसानाह विन-वालेस (Susannah Wynn-Wallace)

✔ C. सारा विन-विलियम्स (Sarah Wynn-Williams)

❌ D. एलेक्जेंड्रा विंसलो-मेयर (Alexandra Winslow-Meyer)

**Q.95** सितंबर 2025 में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण अनुपालन और सुशासन में संवर्धन के लिए निम्नलिखित में से क्या पेश किया?

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Ans**
- ✗ A. सतत अभ्यास और लेखा परीक्षा दिशानिर्देश, 2025
- ✓ B. पर्यावरण लेखा परीक्षा नियमावली, 2025
- ✗ C. हरित व्यवसाय प्रमाणन ढांचा, 2025
- ✗ D. पर्यावरणीय स्थिरता और अनुपालन नियमावली, 2025

**Q.96** जून 2025 में, किस शैक्षणिक संस्थान ने उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों पर सहयोग करने के लिए वीआरडीई (VRDE) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✓ A. COEP टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, पुणे
- ✗ B. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल
- ✗ C. भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
- ✗ D. राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय

**Q.97** हिमांशी जोशी की 'तेरे लिए (Tere Liye)' का पंजाबी में तेरे लई (Tere Laee) के रूप में अनुवाद करने के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार (मार्च 2025 में प्रदान किया गया) किसे मिला?

**Ans**
- ✗ A. श्रीनिवास मुर्मू
- ✓ B. चंदन नेगी
- ✗ C. शुवश सत्पथी
- ✗ D. अंजन सरमा

**Q.98** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर से स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टु-एयर मिसाइल (VLSRSAM) का सफल उड़ान परीक्षण कब किया?

**Ans**
- ✓ A. 26 मार्च, 2025
- ✗ B. 2 जनवरी, 2025
- ✗ C. 20 मई, 2025
- ✗ D. 16 जुलाई, 2025

**Q.99** नवंबर 2024 तक, कितने खेलो इंडिया एथलीटों को कोचिंग, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (OPA) प्राप्त हुआ?

**Ans**
- ✗ A. 2000
- ✓ B. 2781
- ✗ C. 2509
- ✗ D. 3087

**Q.100** जून 2025 में आयोजित 2025 फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?

**Ans**
- ✗ A. अलेक्जेंडर ज्वेरेव (Alexander Zverev)
- ✓ B. कार्लोस अल्कराज (Carlos Alcaraz)
- ✗ C. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)
- ✗ D. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)

Prepp Your Personal Exam Guide